

एक नजर में

## खनिज विभाग ने कुंडला खानखेड़ी में की कार्रवाई, पांच ट्रैक्टर ट्राली जब्त



**नीमच।** कलेक्टर हिमांशु चंद्रा एवं एसडीएम श्री पवन बारिया के मार्गदर्शन में सहायक खनिज अधिकारी गजेंद्र डाबर एवं उनकी टीम द्वारा 5 जून 2025 गुरुवार को खानखेड़ी कुंडला गांधीसागर डूब क्षेत्र में रेत के अवैध उत्खनन पर कार्यवाही की गई। कार्यवाही के दौरान 5 ट्रैक्टरों को जप्त कर, कुकडेश्वर एवं मनासा थाने में खड़ा करवाया गया।

### सरग्राम में मूलभूत सुविधाओं का अभाव

## ग्रामीणों ने कलेक्टर को बताया- पांच साल से नहीं है पानी, सड़क और श्मशान का रास्ता



**नीमच।** जिले की जीरन तहसील में स्थित ग्राम पंचायत चल्दु के सरग्राम गांव के निवासियों ने गुरुवार को कलेक्टर कार्यालय में डिप्टी कलेक्टर चंदन सिंह धार्वे को ज्ञापन सौंपा। ग्रामीणों ने बताया कि उनके गांव में पिछले पांच वर्षों से कोई भी मूलभूत सुविधा नहीं है। पीने के पानी की व्यवस्था नहीं है। सड़कें और नालियां नहीं हैं। श्मशान घाट तक जाने का रास्ता भी नहीं है। इन बुनियादी सुविधाओं की कमी से ग्रामीणों को दैनिक जीवन में कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है।

पीने के पानी की कमी के कारण लोगों का स्वास्थ्य प्रभावित हो रहा है। श्मशान घाट तक रास्ता न होने से अंतिम संस्कार में भी परेशानी होती है। ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि गांव में जल्द से जल्द सभी आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएं। उन्होंने विधायक से भी इस मामले में उचित न्याय की अपील की है।

### नगर पालिका की पीआईसी बैठक में विवाद

## पार्षदों ने स्ट्रीट लाइट और सीवरेज बिल भुगतान पर उठाए सवाल, जमकर हुई बहस



**नीमच।** नगर पालिका परिषद की पीआईसी बैठक में कई मुद्दों पर विवाद सामने आया। बैठक निर्धारित समय 10:30 की बजाय 11 बजे शुरू हुई। बैठक बंद कमरे में आयोजित की गई, जिस पर पार्षदों ने पारदर्शिता की कमी का आरोप लगाया। पार्षद छाया जायसवाल ने 40 वार्डों में लगी स्ट्रीट लाइटों की फाइल की मांग की। उन्होंने लाइटों की खरीद और खर्च में अनियमितता का आरोप लगाया। पार्षद अशोक जोशी ने जावद के एक ठेकेदार द्वारा सड़क निर्माण में की गई लापरवाही का मुद्दा उठाया। अमृत योजना-1 के तहत बिछाई गई सीवरेज लाइन के अंतिम बिल भुगतान पर सभापति दारा सिंह यादव, पार्षद नीरज अहीर और अशोक जोशी ने आपत्ति जताई। उनका कहना था कि भुगतान से पहले काम की गुणवत्ता और पूर्णता की जांच आवश्यक है। बैठक में स्वच्छ भारत मिशन के तहत सेनेटरी लैंडफिल और एमआरएफ सेंटर के लिए भूमि आवंटन पर चर्चा हुई। अमृत-2 .0 के अंतर्गत जल प्रदाय योजना में देरी के कारण निविदा निरस्त करने का प्रस्ताव रखा गया। विधायक की अनुशंसा पर विभिन्न निर्माण कार्यों की प्रशासकीय स्वीकृति और समयपाल श्री दीपक शर्मा को निलंबन अवधि से बहाल करने पर भी विचार किया गया। नगरपालिका में जमा भंगार के विक्रय सहित अन्य विषयों पर भी चर्चा की गई। इस बैठक के निर्णयों का शहर के विकास कार्यों पर प्रभाव पड़ेगा।

## हरियाणा से नीमच आए थे माल लेने, 60 किलो नशीले पदार्थ के साथ बंदी



**नीमच।** सिटी पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर बड़ी कार्रवाई करते हुए डोडाचूरा तस्करी का प्रयास नाकाम किया है। पुलिस ने भादवामाता जवासा रोड पर सोंधिया धर्मशाला के सामने से 60 किलो 230 ग्राम डोडाचूरा के साथ दो लोगों को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपियों में रवि वाल्मिकी (30) और सुमन उर्फ पुनम वाल्मिकी (30) शामिल हैं। दोनों हरियाणा के सीरसा जिले के मिठनपुरा थाना क्षेत्र के निवासी हैं। आरोपी तीन बैग में डोडाचूरा लेकर बस में सवार होने की फिराक में थे। जब्त किए गए माल की कीमत लगभग 1 लाख 20 हजार रुपए आंकी गई है। यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक अंकित जायसवाल के निर्देश पर चलाए जा रहे मादक पदार्थों की तस्करी विरोधी अभियान का हिस्सा है। थाना प्रभारी विकास पटेल के नेतृत्व में की गई इस कार्रवाई में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक नवल सिंह सिसोदिया और नगर पुलिस अधीक्षक निकिता सिंह का मार्गदर्शन रहा। पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है और डोडाचूरा के स्रोत की जानकारी जुटाने में जुटी है।

## निर्माणाधीन इमारत से गिरा मिस्त्री, मौत

इंदौर . कनाड़िया क्षेत्र में निर्माणाधीन इमारत से गिरकर घायल हुए एक मिस्त्री की इलाज के दौरान मौत हो गई . मृतक की पहचान खजराना निवासी आसिफ शाह के रूप में हुई है . उसका शव एमवाय अस्पताल में पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंपा. प्राथमिक जांच में सामने आया कि आसिफ एक निर्माणाधीन मकान में मिस्त्री का काम कर रहा था, तभी असंतुलित होकर ऊंचाई से नीचे गिर गया . पुलिस अब यह जांच कर रही है कि कार्यस्थल पर सुरक्षा के पर्याप्त इंतजाम थे या नहीं . यदि ठेकेदार की लापरवाही पाई गई तो उसके खिलाफ मामला दर्ज किया जाएगा .

## पकड़ाया तस्कर, 18 ग्राम एमडी ड्रग्स जब्त

इंदौर . क्राइम ब्रांच ने नशे के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए एक शातिर तस्कर को गिरफ्तार किया है . आरोपी के कब्जे से 18 ग्राम एमडी ड्रग्स जब्त की गई है, जिसकी अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत करीब चार लाख रुपए बताई जा रही है . पकड़ा गया आरोपी आदतन अपराधी है, जिस पर एनडीपीएस एक्ट, आर्म्स एक्ट, चोरी और लूट समेत 17 मामले पहले से दर्ज हैं . वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देश पर शहर में अवैध मादक पदार्थों की तस्करी रोकने के लिए क्राइम ब्रांच द्वारा चलाए जा रहे अभियान के तहत यह कार्रवाई की गई . टीम को सूचना मिली थी कि एक संदिग्ध व्यक्ति आईएसबीटी बस स्टैंड के पास घूम रहा है . पुलिस को देख वह घबरा गया, जिस पर शक गहराया . पकड़े गए व्यक्ति ने पूछताछ में अपना नाम जावेद खान उम्र 36 साल, निवासी बेटमा, इंदौर देहात बताया . प्रारंभिक पूछताछ में उसने स्वीकार किया कि वह स्वयं भी नशे का आदी है और एमडी ड्रग्स को सस्ते दाम पर खरीदकर शहर में ऊंचे दामों पर बेचने का इरादा रखता था .

# पंख अभियान : बालिकाओं को स्वास्थ्य व रोजगार का मार्गदर्शन

**नीमच।** कलेक्टर हिमांशु चंद्रा के मार्गदर्शन में संचालित पंख अभियान एवं महिला एवं बाल विकास द्वारा संचालित बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ कार्यक्रम के अंतर्गत बाछड़ा समुदाय चयनित पंचायत घोटा पिपलिया मनासा में शाला त्यागी बालिकाओं का संवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया । जिसमें खड़ावदा, टामोटी, आमद, हार्डीपीपलीया,बंजारी पंचायतों से 50 शालात्यगी बालिकाओं ने प्रतिभागिता की। कार्यक्रम में मनासा आई टी आई के प्राचार्य महेश कुमार जाटव ने विभिन्न तकनिकी पाठ्यक्रम के बारे में जानकारी प्रदान की। ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण केंद्र की शिक्षिका ने संचालित प्रशिक्षण संबंधी जानकारी दी। कार्यक्रम में शालत्यागी बालिकाओं ने जीवन कौशल प्रशिक्षण से सीखी हुई बाते जैसे जेंडर, सकारात्मक मर्दानगी, लैंगिक बाल संरक्षण अधिनियम 2012, बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम 2006 इत्यादि विषयों पर जानकारी दी एवं श्रीमती कृष्णा मोदी सेक्टर पर्यवेक्षक महिला एवं बाल विकास द्वारा जेंडर चैंपियन बालिकाओं का सम्मान किया गया। कार्यक्रम में शालात्यगी बालिकाओं को कैरियर हेतु परामर्श जिला समन्वयक संदीप सिंह दीखित द्वारा दिया गया जिसमें उन्होंने बालिकाओं को 18 वर्ष के पहले शादी होने के दुष्परिणाम जैसे कच्ची उम्र में गर्भावस्था, नवजात शिशु कुपोषण, एनिमिक गर्भावस्था इत्यादि विषय पर विस्तार से जानकारी एवं बताया कि जल्दी शादी होने से लड़कियों का भविष्य निर्माण बाधित होता है । वन स्टॉप सेंटर सखी की प्रशासक श्रीमति दुर्गा शर्मा एवं ऐडमिनिस्ट्रेटर श्रीमती चंदा साल्वी दवारा जागरूकता अभियान मैं महिलाओं एवं किशोरी बालिकाओं को वन स्टॉप सेंटर द्वारा दी जाने वाली सहायता जैसे स्वास्थ्य सेवा ,पुलिस सेवा ,परामर्श सहायता ,क़ानूनी सहायता ,आश्रय सुविधा, महिला हेल्प लाइन नंबर 181 ,100 डायल ,चाइल्ड हेल्प लाईन ,वरिष्ठ हेल्प लाइन ,सायबर क्राइम नंबर 1930 के बारे में जानकारी प्रदान की गई !विवाह की सही उम्र की जानकारी ,बाल विवाह होने से होने वाले नुक़सान की जानकारी दी गई साथ ही बाल विवाह न करने की शपथ पूजा मिश्रा केस वर्कर एवं परामर्शदाता नुसरत खान द्वारा दिलायी गई।सम्बन्धी साथ ही साथ पर्यावरण दिवस के उपलक्ष्य में पंचायत भवन घोटा पीपलिया पर अतिथियों द्वारा वृक्षारोपण किया गया। उक्त कार्यक्रम की जानकारी महिला एवं बाल विकास जिला कार्यक्रम अधिकारी सुश्री अंकिता पंड्या द्वारा दी गई।



## भाजपा नेता मिलकर भाजपा समर्पित सरपंच के खिलाफ लाए अविश्वास प्रस्ताव पास

**जीरन।** तहसील केंद्र के अंतर्गत गांव कुचड़ोद के सरपंच के खिलाफ अश्विश्वास प्रस्ताव पारित किया गया,जो पास हो गया और सरपंच पद से हटाया गया.

दरअसल कुचड़ोद गांव के सरपंच शांतिबाई पति दुर्गाशंकर मेघवाल के खिलाफ पंचायत के 14 पंचो ने कुछ समय पहले एसडीएम कार्यालय पर सरपंच के खिलाफ अश्विश्वास प्रस्ताव4 रखा जिसके लिए गुरुवार 5जून को चुनाव की प्रक्रिया करने का आदेश दिया,जो आज संपन्न हुए,जिसमें जीरन तहसील के कुचड़ौद ग्राम पंचायत में सरपंच शांतिबाई दुर्गाशंकर मेघवाल के खिलाफ लाए गए अविश्वास प्रस्ताव पर सरपंच के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव पास हुआ अविश्वास प्रस्ताव के पक्ष में 14 और प्रस्ताव के विरुद्ध 4 मत डले। बता दे कि सरपंच पति दुर्गाशंकर मेघवाल कई लंबे समय से भाजपा से जुड़े हुए हे और भाजपा दक्षिण मंडल के महामंत्री भी रहे,ओर अन्य कई पदों पर रहकर भाजपा के सक्रिय कार्यकर्ता हे,यही ग्रामवासियों से जानकारी मिली कि गांव के ही भाजपा नेताओं द्वारा गुटबाजी के चलते पंचों को प्रलोभन देकर अविश्वास प्रस्ताव रखाया गया,कई न कई भाजपा कार्यकर्ता द्वारा भाजपा के कार्यकर्ता के खिलाफ अश्विश्वास प्रस्ताव लाने ऐसी घटना पर गांव में नाराजगी जताई जा रही हे।



### इनका कहना

एसडीएम महोदय के आदेश अनुसार आज अविश्वास प्रस्ताव पर चुनाव कराए गए, जिसका समय 11:30 बजे से था चुनाव प्रक्रिया शुरू की गई,चुनाव में 14 वोट अविश्वास के पक्ष में पड़े ओर 4 विपक्ष में, शांति पूर्व चुनाव सम्पन्न कराए गए।

**- यशपाल मुजाल्दा, तहसीलदार जीरन**

## नेटफ्लिक्स ने रिलीज़ किया 'राणा नायडू सीज़न 2' का ट्रेलर

**इंदौर .** फिक्सर वापस आ गया है और इस बार मामला निजी है! नेटफ्लिक्स इंडिया की 2023 की ब्रेकआउट सीरीज़ राणा नायडू 13 जून को लौट रही है अपने दूसरे सीज़न के साथ, जो पहले से भी ज़्यादा गंभीर, डार्क और उलझनों से भरा हुआ है। लेकिन जब फिक्सर की खुद की दुनिया बिखरने लगती है, तो सारे नियम बदल जाते हैं। इस बार राणा सिर्फ अपने क्लाइंट्स के मसले नहीं सुलझा रहा। जब राणा का अपना परिवार दांव पर हो,

## वह घोषित आपातकाल था,आज अघोषित आपातकाल है : रघु ठाकुर

▸ लोहिया विचार मंच द्वारा आपातकाल की यादें विषय पर कार्यक्रम

**इंदौर. इंदिरा गांधी ने अपनी सत्ता को बरकरार रखने के लिए इमरजेंसी लगाई थी, वह घोषित आपातकाल था जबकि आज भी सत्ता को बचाए रखने के लिए अघोषित आपातकाल जैसे हालात हैं, लेकिन लोकतंत्र में तानाशाह बनने की कोशिशें इस देश में ज्यादा दिन चलने वाली नहीं है.**

ये विचार समाजवादी चिंतक और लोकतांत्रिक समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष रघु ठाकुर ने लोहिया विचार मंच द्वारा गांधी हाल स्थित अभिनव कला समाज परिसर में आयोजित आपातकाल की यादें विषय पर बोलते हुए व्यक्त किये.



कार्यक्रम के विशेष अतिथि पूर्व केंद्रीय मंत्री सत्यनारायण जटिया ने कहा कि इमरजेंसी में जिस तरह से लोकतंत्र का गला घोटा गया और जुल्म ढाए गए उन्हें याद कर आज भी सिहरन दौड़ जाती है. अपने उद्बोधन में रघु ठाकुर ने 1974 में जयप्रकाश जी द्वारा चलाए गए आंदोलन, इलाहाबाद उच्च न्यायालय के इंदिरा गांधी के खिलाफ दिए गए फैसले और बाद में आपातकाल की यातनाओं की चर्चा करते हुए कहा कि लोकतंत्र से चुने गए नेता जब अपनी सत्ता पर संकट देखते हैं तो तानाशाह बन जाते हैं. इंदिरा गांधी ने भी वही किया और आज के सत्ताधीश भी वही कर रहे हैं, लेकिन यह ज्यादा समय नहीं चलता है. जनता ने इंदिरा को भी हटाया था और आज जो तानाशाह बनने की कोशिश में है उसे भी सबक सिखाएंगे.

### जनता माफ नहीं करेगी

श्री जटिया ने कहा कि सत्ता किसी भी की दल की हो वह अगर लोगों की बोली पर ताला लगाने की कोशिश करेगी तो उसे जाना होगा . जनता उसे माफ नहीं करेगी. अध्यक्षता रामबाबू अग्रवाल ने की जबकि संचालन रामस्वरूप मंत्री ने किया. अतिथियों का स्वागत अशफाक हुसैन, राजेंद्र यादव, गिरीश शर्मा आदित्य, मोहन ढाकोनिया, अजय यादव, मोहम्मद अली सिद्दीकी, कमल गुप्ता एडवोकेट, शफी शेख आदि ने किया. आभार माना सुभाष खंडेलवाल ने . इस अवसर पर सामाजिक कार्यकर्ता सीमा यादव और आदिवासी नेता चंदन सिंह मकवाना का रघु ठाकुर ने सम्मान भी किया .

## भक्ति से मिलती है शांति

**इंदौर . शांति भक्ति से मिलती है . धन दौलत सोना चांदी से शांति नहीं मिलती है .** ये विचार भागवताचार्य डॉ दीपेश पाठक ने श्री औदुम्बर ब्राह्मण महासभा इंदौर द्वारा समाज के जूनी इंदौर स्थित सामाजिक भवन में पितरों की स्मृति मे आयोजित श्री मद भागवत कथा के द्वितीय दिवस व्यक्त किए. डॉ पाठक ने श्री मद भगवत कथा में सती चरित्र,कपिल अवतार,शिव विवाह के प्रसंगों की कथा सुनाकर श्रोताओ को भाव विभोर कर दिया . समाज अध्यक्ष आशुतोष शर्मा ने व्यास पीठ का पूजन किया . यह जानकारी समाज के उत्सव मंत्री तुषार जोशी ने दी. कथा प्रसंग में आचार्य पंडित पाठक द्वारा भगवान विष्णु के पांचवां अवतार कपिल मुनि के अवतरण का वर्णन किया गया . शिव पार्वती के विवाह प्रसंग से कथा को विश्राम दिया गया . आभार माना प्रदीप जोशी ने .



## भक्त का अपमान भगवान को बर्दाश्त नहीं होता

▸ खाटू श्याम धाम पर मायरे की कथा

**इंदौर. नानीबाई के मायरे की कथा उन लोगों के लिए बहुत बड़ा सबक है, जो बहू को बेटी का दर्जा देने के लिए तैयार नहीं होते हैं. बेटियां भले ही पराया धन मानी जाती हो,उनका रिश्ता अपने पैतृक परिवार से कभी नहीं छूटता. भगवान भक्तों को प्रताड़ना से बचाने के लिए स्वयं पहुंच जाते हैं। भक्त का अपमान भगवान को किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं होता.**

ये विचार हैं श्यामप्रिया सुश्री मुस्कान शर्मा के, जो उन्होंने बुधवार को एयरपोर्ट रोड, अंबिकापुरी स्थित श्री खाटू श्याम धाम के 28वें वार्षिकोत्सव में चल रही नानी बाई के मायरे की कथा में उपस्थित भक्तों को संबोधित करते हुए व्यक्त किए. कथा का शुभारंभ विजय कालानी, श्रीमती चंदा अग्रवाल, करुणा शर्मा, गंगा जैन, कुसुमलता सेन, ललिता चावड़ा ने महामंडलेश्वर स्वामी गोपालदास महाराज, महामंडलेश्वर नलिनी दास एवं महामंडलेश्वर कविता दास के सानिध्य में व्यासपीठ के पूजन के साथ किया. महामंडलेश्वर जयेश दास, महामंडलेश्वर ललितादास एवं महामंडलेश्वर मीरा दास ने भी आज मायरे की कथा का श्रवण लाभ उठाया.



जीर्णोद्धार ▸ जल स्रोतों के संरक्षण की दिशा में इंदौर नगर निगम की अहम पहल

## 200 वर्ष पुरानी ऐतिहासिक बावड़ी को कर रहे पुनर्जीवित


▸ महापौर के नेतृत्व में जल स्रोतों की सफाई और संरक्षण कार्य जारी

नवभारत न्यूज

**इंदौर. मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के मार्गदर्शन में पूरे मध्यप्रदेश में संचालित जल-गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत इंदौर नगर निगम द्वारा शहर के प्राचीन जल स्रोतों के संरक्षण एवं पुनरुद्धार का कार्य तेज़ी से किया जा रहा है. महापौर पुष्यमित्र भार्गव के नेतृत्व में निगम अब तक 100 से अधिक पुरानी बावड़ियों और जल स्रोतों की सफाई और संरक्षण कर चुका है.** इसी क्रम में गुरुवार को वार्ड 58 स्थित बक्षी बाग की लगभग 200 वर्ष पुरानी ऐतिहासिक बावड़ी को पुनर्जीवित करने का कार्य प्रारंभ किया गया. यह बावड़ी वर्षों से उपेक्षा का शिकार रही थी और जीर्ण-शीर्ण अवस्था में थी. अब इसे नए स्वरूप में लाकर क्षेत्रवासियों के लिए उपयोगी बनाया जा रहा है.

इस अवसर पर महापौर श्री भार्गव ने कहा यह केवल सफाई का कार्य नहीं है, बल्कि इंदौर के भूजल संरक्षण की दिशा में एक ठोस पहल है. हमारा उद्देश्य वर्षा जल के संरक्षण और भूगर्भीय जल स्तर में वृद्धि करना है. मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा राज्यव्यापी जल-गंगा संवर्धन अभियान प्रारंभ करने हेतु हम उनका आभार व्यक्त करते हैं. आज महापौर पुष्यमित्र भार्गव के साथ विधायक गोलू शुक्ला, एमआईसी सदस्य अभिषेक शर्मा, पार्षद संगीता चौधरी, सुरेश टाकलकर, प्रशांत बडवे एवं नगर निगम के वरिष्ठ अधिकारीगण मौजूद थे. सभी ने मिलकर विभिन्न जल संरक्षण स्थलों का दौरा किया और चल रहे कार्यों का निरीक्षण किया.





### रिचार्ज शॉफ्ट भी लगा रहे

महापौर ने बताया कि नगर निगम द्वारा जल भराव वाले स्थलों पर रिचार्ज शाफ्ट लगाने का कार्य भी किया जा रहा है, जिससे बारिश का जल फ़िल्टर होकर ज़मीन में समाहित हो सके . इस प्रक्रिया के तहत 200 से अधिक रिचार्ज शाफ्ट बनाए जा रहे हैं, जो न केवल जल संग्रहण बल्कि भूजल स्तर बढ़ाने में भी सहायक सिद्ध होंगे .

### शहरवासी भी सक्रिय भागीदारी निभाएं

महापौर भार्गव ने शहरवासियों से अपील की कि वे जल संरक्षण अभियान में सक्रिय भागीदारी निभाएं . उन्होंने कहा नगर निगम द्वारा छत का वर्षा जल ज़मीन में समाहित करने हेतु विशेष अभियान चलाया जा रहा है . शहरवासी इस अभियान का हिस्सा बनकर जल संरक्षण की दिशा में अपना योगदान अवश्य दें .

भूमिपूजन-शिलान्यास ▸ गुरु मंदिर का भूमिपूजन-शिलान्यास समारोह में उमड़े श्रद्धालु भक्त , शिला जुलूस निकालकर किया अभिषेक पूजन

# पुण्य परमार्थ के बिना आत्मा का कल्याण नहीं हो सकता है : साध्वी गुणरंजना श्री जी

**नीमच।** देवगुरु और धर्म मंदिर के प्रति आस्था का मार्गदर्शन प्रदान करते हैं। परमात्मा की भक्ति के माध्यम से ही आत्मा का कल्याण होता है। परमात्मा के उपदेशों पर चलकर ही आत्म कल्याण का मार्ग प्रशस्त होता है। संसार में मनुष्य धन संपत्ति वैभव प्रतिष्ठा पद के लिए झूठ बोलकर पाप कर्म करता है। अपनी आत्मा के कल्याण के लिए उसके पास समय नहीं है चिंतन का विषय है। शाश्वत सत्य यह है की पुण्य परमार्थ के बिना आत्मा का कल्याण नहीं होता है ।यह बात साध्वी गुणरंजना श्री जी महाराज साहब ने कही ।वे गुरुवार सुबह स्पेंटा पेट्रोल पंप के पास आदिनाथ जिनालय दादावाड़ी में श्री आदिनाथ जिनालय एवं जिन कुशल सूरि खरतरगंच्छ ट्रस्ट नीमच के तत्वाधान में श्री आदिनाथ जिनालय परिसर श्री दादा गुरुदेव श्री जिंनदत्त सूरी एवं दादा गुरुदेव जिन कुशलसूरि गुरु मंदिर भूमि पूजन खनन एवं शिलान्यास समारोह में बोल रही थी।

उन्होंने कहा कि धन संपत्ति वैभव प्रतिष्ठा पद सब संसार में ही रह जाते हैं। मनुष्य की मृत्यु के बाद उसके साथ सिर्फ पुण्य कर्म ही साथ जाते हैं इसलिए हमें सदैव पुण्य कर्म करते रहना चाहिए। मंदिर हमारी संस्कृति और संस्कारों के प्रमुख संवाहक होते हैं। मनुष्य को विनम्रता के साथ जीवन जीना चाहिए क्योंकि दुर्योधन, कंस और रावण शक्तिशाली होने के बाद भी उनका अहंकार नहीं रहा हम तो साधारण मनुष्य है। गुरु कृपा से ही हमें पुण्य कर्म का फल मिलता है ।अपने हाथ से दिया गया दान ही हमारे पुण्य का प्रमुख आधार होता है। बिना किसी पद पर रहते हुए समर्पण भाव से सम्यक दर्शन का पालन करते हुए जिन शासन की सेवा करना चाहिए तभी हमारी आत्मा का कल्याण हो सकता है।

परमात्मा की भक्ति आस्था और विश्वास के बिना यह जीवन सुरक्षित नहीं रह सकता है। मनुष्य कुछ पल के भौतिक सुखों के लिए पाप कर्म की ओर अग्रसर हो रहा है। हमें सदैव पुण्य कर्म करना चाहिए और पाप कर्म से बचना चाहिए ।शिला पूजा के लाभार्थी परिवार जनों ने शिला पूजन किया। कार्यक्रम का शुभारंभ सुबह 7:15 बजे राजमल केशरी मल छाजेड़ के जवाहर नगर स्थित आवास पर नवकारसी से हुआ।

इसके बाद 8:30 बजे जुलूस प्रारंभ हुआ जो विकास नगर क्षेत्र के प्रमुख मार्गो से होता हुआ स्पेंटा पेट्रोल पंप स्थित आदिनाथ जिनालय में पहुंचकर भूमि पूजन शिलान्यास समारोह की धर्म सभा में परिवर्तित हो गया। सुबह 9:30 बजे विभिन्न धार्मिक अनुष्ठानों के चढ़ावे की बोलियां लगाई गई। जिसमें समाज जनों ने उत्साह के साथ सहभागिता निभाई।

विधि कारक मनोज कुमार, बाबूलाल हरण सिरोही (राजस्थान) द्वारा वैदिक मंत्र उच्चारण के साथ विभिन्न धार्मिक अनुष्ठान करवाए गए ।अनुष्ठान की पावन श्रृंखला में 10:30 बजे पाटला पूजन शीला अभिषेक पूजन किया गया। सुबह 11:15 बजे शिलान्यास विधि प्रारंभ हुई 12:30 बजे लाभार्थी परिवार जनों का बहुमान एवं साधार्मिक वात्सलय आयोजन किया गया।

शिला व स्वामी वात्सल्य के सहलाभार्थी अशोक कुमार यश कुमार डगरिया परिवार थे। समारोह में ट्रस्ट अध्यक्ष प्रेम प्रकाश जैन सचिव राजमल छाजेड़,गौरधन लाल बाफना, मनोहरसिंह लोढ़ा, वीरेंद्र लोढ़ा,पारस लसोड, राकेश आंचलिया, राहुल जैन, राजेंद्र डुंगरवाल, चंद्र राज कोठी फोड़ा,शोभगमल डोसी, मनिष कोठारी,शरद जैन, अनिल नाहटा,विनय मारु,सहित बड़ी संख्या में समाज जन उपस्थित थे। दोपहर 2 बजे दादा गुरु वंदना से कार्यक्रम का विश्राम हुआ।

